<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

परमात्म शक्ति द्वारा महापरिवर्तन के विषय पर कार्यक्रम हुआ

''नारी शक्ति ही समाज परिवर्तन का अग्रदूत बने''– कृष्णा प्रसाद

'' आध्यात्मिकता से ही होगा बुराईयों का अन्त''– राजयोगिनी गीता

नई दिल्ली, 1 नवम्बरः प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा ''नारी के सम्मान और प्रतिष्ठा की पुनः स्थापना'' के ऊपर स्थानीय त्यागराज स्टेडियम में आज शाम को एक सार्वजनिक कार्यक्रम हुआ। ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा चलाये जा रहे ''**परमात्म शक्ति द्वारा महापरिवर्तन का समय अब** '' अर्न्तराष्ट्रीय परियोजना के अर्न्तगत आयोजित इस सार्वजनिक कार्यक्रम को कई गणमान्य व्यक्तियों ने सम्बोधित किया।

भारत में स्थित नेपाल के राजदूत श्री कृष्णा प्रसाद ढकाल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि नारी के सम्मान एवं प्रतिष्ठा को पुनः स्थापित करने के लिए समाज में प्रचलित रूढ़ीवाद, नकारात्मक मान्यताओं एवं दूषित मानसिकताओं को बदलना होगा जिसके लिए महिलाओं को आगे आना होगा। क्योंकि समाज परिवर्तन का केन्द्र बिन्दु नारी ही है।

कार्यक्रम की अध्यक्ष एवं मुख्य संयोजक ब्रह्मा कुमारी गीता बहन ने अपने आर्शिवचन में कहा कि समाज में फैले हुए व्यभिचार, भ्रष्टाचार एवं बुराईयों का मूल कारण है हमारे भोग वासना, भौतिकता एवं कर्मेन्द्रियों की अधीनता। उन्होंने कहा कि इस अधीनता से मुक्त हो स्वयं और समाज में नैतिकता, सकारात्मकता एवं सुख–शान्ति लाने के लिए हमें आध्यात्मिक ज्ञान एवं राजयोग का नियमित अभ्यास करना होगा।

इस **कार्यक्रम के प्रयोजक संस्था इंजीनियर्स इण्डिया लि0 के अध्यक्ष श्री ए0के0पुरूवाह** ने अपनी शुभकामनायें व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों में खासकर महिलाओं में आन्तरिक शक्ति एवं क्षमताओं को बढ़ाने से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में ब्रह्मा कुमारी संस्था निरन्तर कार्यरत है।

इस कार्यक्रम के सह प्रयोजक **गैस ऑथारिटी ऑफ इण्डिया लि0 के मानव संसाधन निदेशक श्री आर0रविन्द्रन** ने भी इस अवसर पर कहा कि लोगों के व्यक्तिगत, व्यवसायिक एवं सामाजिक जीवन को उत्कृष्ट बनाने के लिए आध्यात्मिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण जरूरी है।

नारी सम्मान की पुनः स्थापना के ऊपर एक पैनल डिस्कशन भी रखा गया जिसमें **पंजाब विश्वविद्यालय के महिला विकास केन्द्र की मुखिया सुश्री पाम राजपूत; दिल्ली एवं चंडीगढ़ के मुख्य चुनाव आयुक्त श्री राकेश मेहता; प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डा0 अवद्येश शर्मा; ब्रह्मा कुमारी संस्था की निदेशिका ब्रह्मा कुमारी आशा** आदि ने अपने विचार रखे।

इसके अतिरिक्त **ब्रह्मा कुमारी संस्था के मुख्य प्रवक्ता राजयोगी ब्रह्मा कुमार ब्रजमोहन** ने ''**परमात्म शक्ति द्वारा महापरिवर्तन का समय अब**'' परियोजना के ऊपर प्रकाश डाला तथा **प्रसिद्ध आध्यात्मिक वक्ता ब्रह्मा कुमारी शिवानी** ने पारिवारिक मूल्यों के ऊपर प्रेरणादायी प्रवचण दिये।

ब्रह्माकुमारी संस्था की रशिया के सेवाकेन्द्रों की निदेशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी चक्रधारी ने सभा में उपस्थित लोगों को सामूहिक राजयोग के अभ्यास के द्वारा मन की सच्ची शान्ति की अनुभूती करायी।

कार्यक्रम के अन्त में **प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री ग्रेसी सिंह** और उनके ग्रुप ने शिव शक्ति विषय पर एक चित्त आर्कषक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की तथा कार्यक्रम के आरम्भ में स्कूल के बच्चों ने स्वागत नृत्य द्वारा उपस्थित जन समूह को आत्म विभोर किया।

ब्रह्मा कुमार सुशान्त
ब्रह्मा कुमारीज़ के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक
मोबाईल–09350922333 ईमेल– bksushant@gmail.com